JOHN MCLEMORE का वक्तव्य

सदस्य, Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 3**

व्यवसाय: सेवानिवृत्त वाइस-प्रेसिडेंट ऑपरेशन

आयु: 65

शिक्षा एवं योग्यता:

प्रमाणित सामुदायिक नेतृत्व, मजबूत अकादमिक प्रमाण और व्यवसायिक अनुभव वो चीज़ें हैं जिसकी सैंटा क्लारा के लोगों को अगले चार सालों के लिए ज़रूरत है। भूतपूर्व सिटी काउंसिल सदस्य, एमटीसी, वीटीए और कालट्रेन के बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स में रह चुके होने के नाते मुझे ट्रैफिक और ट्रांज़िट मुद्दों, लाखों डॉलर के बजट और संसाधनों के प्रबंधन की जानकारी है। मेरे शहर और देश की कानूनी संस्थाओं से सकारात्मक संबंध हैं जिससे बढ़ते आपराधिक गतिविधियों पर काबू पाया जा सके।

1997 में काउंसिल सदस्य के रूप में मैंने समुदाय के साथ मिलकर उलिस्टिक प्राकृतिक क्षेत्र और बाद में बेशोर के उत्तर में 3 और उद्यानों का निर्माण कराया। दुर्भाग्य से सैंटा क्लारा में खुली जगहों के लिए अब भी संघर्ष है और काउंटी में इसके पास सबसे कम जगह है। मैं इसके रखरखाव और गुणवत्ता में सुधार के लिए पार्क के बजट की समीक्षा करूंगा। कृपया www.JohnMcLemoreCityCouncil2016.com देखें।

इस साल मैंने हाउसिंग ट्रस्ट सिलिकॉन वैली के बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स में वरिष्ठों, अध्यापकों, कामकाजी परिवारों, सेवानिवृत्त सैनिकों की आवासीय जरूरतों के लिए काम करते हुए 15 साल पूरे किए। ये मुद्दे उन मुद्दों से ज्या अहम हैं जिन्हें सैंटा क्लारा में 49 वालों के खिलाफ डर का माहौल बनाकर प्रचारित किया जा रहा है। स्टेडियम बना है और अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बेहतर गुणवत्ता के जीवन के लिए हमें सैंटा क्लारा के परिवारों और व्यवसायों के लिए पुल बनाने की ज़रूरत है न कि दीवारें।